प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

2 days “Road Safety Management”

दिनांक **18-07-2022 से 19-07-2022**

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक **18-07-2022** से **19-07-2022** तक **“Road Safety Management”** विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्चुअल क्लास रूम में आयोजित किया गया। राजस्थान पुलिस अकादमी के श्री नवज्योति गोगाई, महानिरीक्षक पुलिस, अतिरिक्त निदेशक आरपीए जयपुर के निर्देशन में प्रबुद्व वक्ताओं को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 18 प्रतिभागियों जिसमें 01 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं **17** पुलिस उप अधीक्षक ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन 10:00-10:15 AM तक पंजीकरण एवं कोर्स निदेशक द्वारा कोर्स का परिचय करवाया गया। प्रथम सत्र में श्री पंकज मेहरा, सलाहकार, सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ परिवहन विभाग ने सड़क यातायात संबंधी कानून और एमवी अधिनियम में हालिया संशोधन के बारे में विस्तार से बताया। द्वितीय सत्र में डॉ. एल0एन0 पांडे, सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ ने सड़क सुरक्षा के लिए संस्थागत ढांचा के बारे में विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में श्रीमती निधि सिंह, संयुक्त आयुक्त, सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ ने सरकार की सड़क सुरक्षा नीति के बारे में बताया।

द्वितीय दिन के प्रथम सत्र में प्रो. बीएल स्वामी, एमएनआईटी ने Basic Traffic Engineering for Road Safety के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। द्वितीय सत्र में श्री यतीश गुप्ता, प्रबंधक, IRAD ने IRAD-General Information & Use के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। तृतीय सत्र में श्री वी.के. सिंह, आईपीएस, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (यातायात), राजस्थान ने सड़क दुर्घटनाओं में सड़क सुरक्षा और वैज्ञानिक जांच में पुलिस की भूमिका के बारे में बताया। श्री वी.के. सिंह, आईपीएस, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस

(यातायात), राजस्थान के मुख्य अतिथित्य में कोर्स के समापन सत्र का आयोजन किया गया जिनके द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कोर्स के अन्त में कोर्स डायरेक्टर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स का विधिवत समापन किया गया।

हस्ताक्षर
कोर्स निदेशक